**मध्य प्रदेश में अविवाहित व्यक्तियों की जबरदस्ती से की गई नसबंदी**

650. **श्री रामेश्वर पाटीदार :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में किन जिलों से आपात स्थिति के दौरान अविवाहित व्यक्तियों की जबरदस्ती की गई नसबंदी के मामले प्राप्त हैं ;

(ख) उन अधिकारियों के नाम क्या हैं जिन्होंने इन शिकायतों की जांच की है; और

(ग) दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री राज नारायन)** : (क) मध्य प्रदेश सरकार ने सूचना दी है कि भोपाल तथा बेतुल जिलों से तथाकथित जबरी नसबंदी की शिकायतें आई थीं ।

(ख) भोपाल के मामले में डा० हिसामुद्दीन स्वास्थ्य सेवाओं के संयुक्त निदेशक और बेतुल जिलों के मामले में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डा० वी० पी० तिवारी ने जांच की थी ।

(ग) मध्य प्रदेश सरकार की जानकारी के अनुसार भोपाल का मामला स्वयं प्रेरित था इसलिए इसके कोई अन्य व्यक्ति उत्तरदायी नहीं है । बेतुल का मामला एक शिक्षक के द्वारा प्रेरित किया गया था और इसमें राज्य के शिक्षा निदेशक को कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं ।

**राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं का विस्तार**

651. **श्री चतुर्भुज :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कुल कितने गांव हैं और इनमें से कितने गांवों में डाकघर हैं ; और

(ख) राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं का और अधिक विस्तार कर ग्रामवासियों को सुविधायें देने के लिए क्या योजनायें बनाई जा रही हैं ?

**संचार मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डिस) :** (क) सूचना मिली है कि राजस्थान में 33305 गांव हैं । इनमें से 7082 गांवों में डाकघर हैं ।

(ख) वर्ष 1977–78 के दौरान राजस्थान के देहाती इलाकों में 150 नए शाखा डाकघर खोलने का प्रस्ताव है । यह भी प्रस्ताव है कि चलते-फिरते डाकघरों के जरिए और अधिक गांवों तक डाक काउन्टर सेवा का विस्तार किया जाय, अधिक लेटर बक्स लगाये जायें और गांवों में डाक टिकटों व डाक लेखन-सामग्री की बिक्री के लिए एजेंट नियुक्त किये जायें ।

**Payment of interest on money deposited for Telephone Connections**

652. DR. LAXMINARAYAN PANDEYA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state

(a) whether as per rules of Posts & Telegraphs in force at present, applicants seeking new telephone connections have to deposit amounts ranging from rupees one thousand to five thousand under different categories at the time of registration;

(b) whether any annual interest accruing thereon is paid to the